BOARD QUESTION PAPER: MARCH 2015

Time: 2 Hours **Max. Marks: 40**

प्र.1 अ) निम्नलिखित विधान के साथ दिए गए विकल्पों में से पठित गद्यपाठों के आधार पर सही विकल्प जोड़कर प्रत्येक विधान पूर्ण वाक्य में लिखिए : **(3)**

(i) माँ के मरने पर लड़की _______ से गलत रोई और मुंशी जी ने उसकी खूब धुलाई की।

(मुहावरे / कहावत / संदर्भ)

(ii) भारतीय रेलसफर जो आज _______ बना हुआ है।

(जेलसफर / खेलसफर / कठिनसफर)

(iii) उसी वन में एक _______ भी रहता था।

(सिंह / हाथी / ऊदबिलाव)

आ) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पठित पाठों के आधार पर एक-एक वाक्य में लिखिए : **(3)**

(i) सँपेरा किस प्रकार का साँप देखकर खुश हुआ?

(ii) मुंशी जी के स्वभाव की क्या विशेषताएँ थीं?

(iii) पहाड़गंज दुनिया भर में किस लिए मशहूर है?

(iv) कुलपुत्र ने बगीचे के मालियों को क्या खिलाया और क्या पिलाया?

(v) वन में जानवर किसकी बातें में आ गए थे?

इ) निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पठित गद्यपाठों के आधार पर संक्षेप में लगभग पचास-साठ शब्दों में लिखिए : **(6)**

(i) मोहन के मन में देशप्रेम की भावना कब जाग उठी?

(ii) मदर टेरेसा भारत कब और क्यों आई?

(iii) भारतीय संस्कृति में लचीलेपन की विशेषता के कारण कौनसा लाभ हुआ है?

(iv) दो राजाओं के सारथियों ने एक-दूसरे को चुनौती देते हुए क्या कहा?

प्र.2 अ) निम्नलिखित पद्यपंक्तियों के साथ दिए गए विकल्पों में से पठित पद्यपाठों के आधार पर सही विकल्प जोड़कर प्रत्येक पंक्ति पूर्ण कीजिए : **(2)**

(i) ज्यों ही _______ मास लगता है।

(चैत / भादों / सावन)

(ii) नाचो-गाओ _______ मचाओ।

(शोर / धूम / हो-हल्ला)

आ) निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पठित पद्यपाठों के आधार पर केवल एक-एक वाक्य में लिखिए : **(2)**

(i) मानव के उर में किसका प्रवेश होना जरूरी है?

(ii) नदी अपनी लहरें कहाँ तक उछालती है?

(iii) गुरु नानकदेव जी ने सोने को किस प्रकार मानने के लिए कहा है?

इ) निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पठित पद्यपाठों के आधार पर संक्षेप में लगभग पचास-साठ शब्दों में लिखिए : **(6)**

(i) नानक जी ने अच्छे मनुष्य के कौन-कौनसे लक्षण बताए हैं?

(ii) भौतिक सुख की अधिकता होने पर भी मानव पीड़ित क्यों है?

(iii) कोकिल किसानों की कैसी मदद करती है?

(iv) घर-घर लहराने वाले तिरंगों का वर्णन कवि ने कैसे किया है?

प्र.3 अ) **(i) निम्नलिखित दो वाक्यों में से किसी एक वाक्य के रेखांकित 'विकारी' या 'अविकारी' शब्द का शब्द-भेद लिखिए :** **(1)**

(i) मेहमान अचानक घर आए।

(ii) लड़की उन्हें देखकर और जोर से रोने लगी।

(ii) निम्नलिखित दो शब्दों में से किसी एक शब्द का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : **(1)**

(i) लड़का

(ii) अरे !

आ) निम्नलिखित तीन वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार कालपरिवर्तन कीजिए : **(2)**

(i) बालक उछलता है।

(अपूर्ण भूतकाल)

(ii) गुस्सा बेचारी बच्ची पर उतारते हैं।

(पूर्ण वर्तमानकाल)

(iii) आज देश ऐसे ही नौजवानों को चाहता है।

(सामन्य भूतकाल)

इ) निम्नलिखित वाक्यों का कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए : **(2)**

(i) एक बार गोपाल बहोत बिमार हुआ था। (वाक्य शुद्ध करके लिखिए)

(ii) खेलनाकुदना (हिंदी की मानक वर्तनी के अनुसार लिखिए)

ई) निम्नलिखित चार मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **(2)**

(i) अभिभूत हो उठना। (ii) घुल-मिल जाना।

(iii) मुकाबला करना। (iv) लीन होना।

प्र.4 निम्नलिखित चार विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग डेढ़ सौ शब्दों तक निबंध लिखिए : (6)

(i) दीपावली का त्योहार।

(ii) फूल की आत्मकथा।

(iii) अगर देश में पुलिस न हो।

(iv) प्रदूषण – एक बड़ी समस्या।

प्र.5 निम्नलिखित कार्यालयीन तथा व्यावसायिक दो पत्रों में से किसी एक पत्र का (लिफाफे के प्रारूप सहित) नमूना तैयार कीजिए : (4)

रोहिणी / रोहन पांडे, शास्त्रीनगर, अमरावती – ४४४६०१ से स्वास्थ्य अधिकारी, महानगरपालिका, अमरावती को शहर में अशुद्ध जल की आपूर्ति होने के कारण बढ़ती बीमारी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र लिखती / लिखता है।

अथवा

25, नारायण पेठ, पुणे से मोहन / मोहिनी शर्मा ने राहुल संगणक सेंटर, कोल्हापुर से 'संगणक' खरीदा है, किंतु वह ठीक से काम नहीं करता। इसलिए वह उस कंपनी के मैनेजर को एक शिकायती पत्र लिखता / लिखती है।

अथवा

निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पर आकलन हेतु ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हों :

विधाता ने हमें दशेंद्रिय दिए हैं। यह मानव को ईश्वर की बड़ी देन है। हमें ईश्वर ने दो आँखें, दो कान, दो हाथ, दो पैर और एक मुँह दिया है। इन इंद्रियों से ही मनुष्य सामर्थ्यशाली बना है। विधाता का हमें दो आँखें देने का मतलब यही है कि शत्रु और मित्र को देखने की हमारी दृष्टि समान हो। दो कान इसलिए दिए हैं कि एक कान से अच्छाई सुनें और दूसरे कान से बुराई छोड़ दें। दो हाथ इसलिए दिए हैं कि वह एक हाथ से ले और दूसरे हाथ से बाँटता रहे। दो पैर इसलिए दिए हैं कि हम कदम-से-कदम मिलाते हुए देश की ताकत बढ़ाएँ। विधाता ने हमें एक ही मुँह दिया है, इसका कारण क्या है? इसलिए कि वह एकवचनी हो। देश के लिए वचनबद्ध हो।